कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 13 अंक: 12 कानपुर, शुक्रवार 09 जुलाई, 2021 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रुपये

# राष्ट्रीय स्वरूप

www.rashtriyaswaroop.in

खेल मंत्रालय में अद्भुत रहा किरेन रिजिजू का योगदान 10

# कृषि राज्य मंत्री ने किया वृहद वृक्षारोपण का शुभारंभ

कानपुर (स्वरूप संवाददाता)। सीएसए के कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह की अध्यक्षता में आज विश्व विद्यालय के सभी विभागों/ अनुभागों/ निदेशालय एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों /शिक्षकों /अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बीज संवर्धन प्रक्षेत्र दलीप नगर स्थित बोझा प्रक्षेत्र पर वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने स्वयं वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्र के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा व स्वच्छ रखना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 60 हजार वृक्ष लगाकर समाज को संदेश दिया कि वातावरण को संरक्षित कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्थित चारों कृषि विश्वविद्यालय में सबसे बड़ा 118 हेक्टेयर का क्षेत्रफल सीएसए कानपुर के पास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 30 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 60 हजार वृक्ष अकेले कानपुर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा लगाए जा रहे हैं जिस के लिए मैं कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह को साधुवाद देता हूं। उन्होंने उपस्थित किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों की मेड़ों व खाली स्थानों पर वृक्ष अवश्य लगाएं। साथ ही कृषि मंत्री ने प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी। जिससे कम लागत में गुणवत्ता परक उत्पाद व आय प्राप्त हो। यहां उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों से कहा कि आप ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु प्रशिक्षित करें। कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस वर्ष 625 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ है जो पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह ने कहा कि प्रदेश में ओजस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्यपाल/ कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की आव्हान पर पर्यावरण सुधारने के लिए वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाएं जा रहे हैं। इसी के तत्क्रम में विश्वविद्यालय ने 60 से भी अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा है। कुलपति ने कहा कि गत वर्ष 14 हजार पौधे विश्वविद्यालय द्वारा रोपे गए थे जिनमें 90 से 95त्न पौधे जीवित है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी/वैज्ञानिक एवं कर्मचारी द्वारा पौधे रोपित किए जाएंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक प्रक्षेत्र पर 10त्न क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती के परीक्षण शुरू हो गए हैं। जिनके परिणाम काफी उत्साहवर्धक आ रहे हैं। जिसके तहत वन विभाग वृक्षारोपण के बाद 3 वर्षों तक पौधों की रखवाली, सिंचाई आदि कार्य करेगा। कार्यक्रम में आए विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के विधायक भगवती सागर ने विश्वविद्यालय द्वारा कराए जा रहे वृक्षारोपण एवं कृषक हितेषी शोध एवं प्रसार कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. राम आशीष यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धर्मराज सिंह, अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान डॉ. वेदरतन, डॉ. अशोक कुमार सहित विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, कर्मचारी एवं वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय स्वरूप के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



पंकज चतुर्वेदी
जिला उपाध्यक्ष
यूथ कांग्रेस कमेटी
सिद्धार्थनगर

लखनऊ संस्करण
वर्ष-05, अंक -254
शुक्रवार, 09 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12
मूल्य 3 रु*
लखनऊ, नोएडा, झांसी और देहरादून से प्रकाशित

# दैनिक भास्कर

देश का सबसे विश्वसनीय अखबार

For epaper → www.updainikbhaskar.com



प्रदेश में इस वर्ष 625 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ, जो पूरे देश में प्रथम स्थान पर है : लखन

# कृषि राज्य मंत्री ने किया वृहद वृक्षारोपण का शुभारम्भ

भास्कर न्यूज

**कानपुर।** सीएसए के कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह की अध्यक्षता में आज विश्व विद्यालय के सभी विभागों/ अनुभागों/ निदेशालय एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों /शिक्षकों /अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बीज संवर्धन प्रक्षेत्र दलीप नगर स्थित बोझा प्रक्षेत्र पर वृहद पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने स्वयं पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पौधरोपण का उद्देश्य विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्र के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र को



हरा-भरा व स्वच्छ रखना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 60 हजार वृक्ष लगाकर समाज को संदेश दिया कि वातावरण को संरक्षित कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्थित चारों कृषि विश्वविद्यालय में सबसे बड़ा 118 हेक्टेयर का क्षेत्रफल सीएसए कानपुर के पास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 30 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 60 हजार वृक्ष अकेले कानपुर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा लगाए जा रहे हैं जिस के लिए मैं कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह को साधुवाद देता हूं। उन्होंने उपस्थित किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों की मेड़ों व खाली स्थानों पर वृक्ष अवश्य लगाएं। साथ ही कृषि मंत्री ने प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी। जिससे कम लागत में गुणवत्ता परक उत्पाद व आय प्राप्त हो। यहां उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों से कहा कि आप ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु प्रशिक्षित करें। कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस वर्ष 625 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ है जो पूरे देश मे प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह ने कहा कि प्रदेश में ओजस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्यपाल/ कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की आह्वान पर पर्यावरण सुधारने के लिए वृहद पौधरोपण कार्यक्रम चलाएं जा रहे हैं। इसी के तहत्क्रम मे विश्वविद्यालय ने 60 से भी अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा है। कुलपति ने कहा कि गत वर्ष 14 हजार पौधे विश्वविद्यालय द्वारा रोपे गए थे जिनमें 90 से 95% पौधे जीवित है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी/वैज्ञानिक एवं कर्मचारी द्वारा पौधे रोपित किए जाएंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक प्रक्षेत्र पर 10% क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती के परीक्षण शुरू हो गए हैं। जिनके परिणाम काफी उत्साहवर्धक आ रहे हैं। जिसके तहत वन विभाग वृक्षारोपण के बाद 3 वर्षों तक पौधों की रखवाली, सिंचाई आदि कार्य करेगा। कार्यक्रम में आए विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के विधायक भगवती सागर ने विश्वविद्यालय द्वारा कराए जा रहे पौधरोपण एवं कृषक हितैषी शोध एवं प्रसार कार्यों की सराहना की।

कानपुर देहात,
शुक्रवार, 09 जुलाई, 2021
वर्षः 06 अंकः 280
मूल्यः 1+1=2 रू.
पृष्ठः 8
R.N.I.NO.
UPHIN/2015/64600

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# अमन यात्रा
कानपुर देहात एवं गुजरात से प्रकाशित दैनिक समाचार
डी ए वी पी (भारत सरकार) से विज्ञापन प्रकाशन हेतु मान्यता प्रा
8707095473
www.amanyatralive.com, www.amanyatra.in

6 ओलंपिक पदार्पण पर साई प्रणीत को पदक की उम्मीद
5 पीयूष गोयल को मिला कपड़ा मं



# कृषि विश्वविद्यालय के बोझा प्रक्षेत्र पर कृषि राज्य मंत्री एवं कुलपति ने किया बृहद वृक्षारोपण का शुभारंभ







अमन यात्रा ब्यूरो

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के माननीय कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 8 जुलाई 2021 को विश्व विद्यालय के सभी विभागों/ अनुभागों/ निदेशालय एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों /शिक्षकों /अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बीज संवर्धन प्रक्षेत्र दलीप नगर स्थित बोझा प्रक्षेत्र पर वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के माननीय कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री श्री लाखन सिंह राजपूत जी ने स्वयं वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि माननीय कृषि राज्य मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्र के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा व स्वच्छ रखना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 60 हजार वृक्ष लगाकर समाज को संदेश दिया है कि पर्यावरण को संरक्षित कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर माननीय कृषि राज्य मंत्री श्री लाखन सिंह राजपूत जी ने कहा कि प्रदेश में स्थित चारों कृषि विश्वविद्यालय में सबसे बड़ा 118 हेक्टेयर का क्षेत्रफल सीएसए कानपुर के पास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 30 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 60 हजार वृक्ष अकेले कानपुर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा लगाए जा रहे हैं जिस के लिए मैं कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह को साधुवाद देता हूं। उन्होंने उपस्थित किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों की मेड़ों व खाली स्थानों पर वृक्ष अवश्य लगाएं। साथ ही माननीय मंत्री जी ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी। जिससे कम लागत में गुणवत्ता परक उत्पाद व आय प्राप्त हो। वहां उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों से कहा कि आप ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु प्रशिक्षित करें। माननीय मंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस वर्ष 625 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ है जो पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ डी.आर. सिंह ने कहा कि प्रदेश में ओजस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्यपाल/ कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की आह्वान पर पर्यावरण सुधारने के लिए वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी के तारतम्य में विश्वविद्यालय द्वारा 60 से भी अधिक पौधे रोपित किए जा रहे हैं। माननीय कुलपति जी ने कहा कि गत वर्ष 14 हजार विश्वविद्यालय द्वारा पौधे रोपे गए थे जिनमें 55 से 85 पौधे जीवित है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी/वैज्ञानिक एवं कर्मचारी द्वारा पौधे रोपित किए जाएंगे। डॉक्टर सिंह ने कहा प्रदेश में पहली बार विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्रे पर प्राकृतिक खेती के परीक्षण शुरू हो गए हैं। जिनके परिणाम काफी उत्साहवर्धक आ रहे हैं। माननीय कुलपति महोदय ने उपस्थित जिला वन अधिकारी श्री अरविंद कुमार यादव को विश्वविद्यालय के सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। ज्ञातव्य हो कि वन विभाग एवं विश्वविद्यालय द्वारा एमओयू हुआ है जिसके तहत वन विभाग वृक्षारोपण के बाद 3 वर्षों तक पौधे की रखवाली, सिंचाई आदि कार्य करेगा। तत्पश्चात विश्वविद्यालय को हस्तांतरित करेगा। कार्यक्रम में आए विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के माननीय विधायक श्री भगवती सागर जी ने विश्वविद्यालय द्वारा कराए जा रहे वृक्षारोपण एवं कृषक हितैषी शोध एवं प्रसार कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत निदेशक प्रसार /समन्वयक डॉ एके सिंह ने किया। जबकि कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को धन्यवाद डॉ. सीपी सचान ने दिया। इस अवसर पर प्रख्यात समाज सेवक श्रीराम जी,निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ राम आशीष यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर धर्मराज सिंह, अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉक्टर वेदरत्न, डॉ अशोक कुमार सहित विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, कर्मचारी एवं वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा
कानपुर • शुक्रवार • 9 जुलाई • 2021


# सीएसए लगायेगा 60 हजार पौधे

## राज्य मंत्री व कुलपति ने किया अभियान का शुभारंभ



**कानपुर (एसएनबी)।** सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के दलीपनगर स्थित बोझा प्रक्षेत्र में गुरुवार को प्रदेश के कृषि एवं कृषि शिक्षा राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत व विवि कुलपति डॉ.डीआर सिंह ने पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। कृषि राज्यमंत्री ने न केवल प्रक्षेत्र बल्कि आसपास के क्षेत्र को भी हरा-भरा व स्वच्छ रखने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विवि द्वारा 60 हजार पौधे लगाये जायेंगे। किसान भी अपने खेतों की मेड़ों व खाली स्थानों पर पौध अवश्य लगायें। कार्यक्रम में विधायक भगवती सागर व जिला वन अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने भी भागीदारी की। पौधरोपण कार्यक्रम में पधारे राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के चारों कृषि विवि में सबसे बड़ा 118 हेक्टेयर का क्षेत्रफल सीएसए कानपुर के पास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 30 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 60 हजार पौधे अकेले सीएसए द्वारा लगाये जा रहे हैं। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती करने की सलाह भी दी। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों को इसके लिए किसानों को प्रशिक्षित करने को कहा। विवि कुलपति डॉ.डीआर सिंह ने कहा कि गत वर्ष विवि द्वारा 14 हजार पौधे रोपित किये गये थे, जिनमें 55 से 85 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। पौधों के संरक्षण को लेकर विवि व वन विभाग के बीच एक एमओयू भी हुआ है। इसके तहत वन विभाग पौधरोपण के बाद 3 वर्षों तक पौधों की रखवाली, सिंचाई आदि कार्य करेगा। कार्यक्रम का समन्वयन निदेशक प्रसार डॉ.एके सिंह ने किया।

www.facebook.com/worldkhabaarexpress www.twitter.com/worldkhabaarexpress www.youtube.com/worldkhabaarexpress

WORLD खबर EXPRESS

WORLD खबर एक्सप्रेस

08 जुलाई 2021, गुरूवार www.worldkhabarexpress.media MID DAY E-PAPER www.worldkhabarex

# सीएसए परिसर में लगेंगे 60 हजार पौधे



**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभी विभागों, शोध निदेशालय, कृषि विज्ञान केंद्रो के वैज्ञानिकों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने गुरुवार को बीज संवर्धन प्रक्षेत्र बोझा, दलीप नगर में बृहद पौधरोपण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने स्वयं पौधरोपकण कर शुभारंभ किया। उनका सहयोग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, अधिकारी व शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि पौधरोपण का उद्देश्य विश्पविद्यालय के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा व स्वच्छ रखना है। उन्होंने विशेष तौर पर कहा है कि आज के वर्तमान समय में जहां एक तरफ शहरीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। दूसरी तरफ विश्वविद्यालय में 60 हजार पौधे लगाकर समाज को संदेश दिया है और वातावरण को संरक्षित करने के दायित्वों का निर्वहन किया है। इस अवसर पर कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने बताया कि क्षेत्र के 30 हेक्टेयर क्षेत्रफल में पौधरोपण किया जाएगा। आज के दिन हमें संकल्प लेना होगा कि भविष्य की सांसों का इंतजाम स्वयं करना है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के कारण हर जगह परेशानी हो रही है। इसके मुख्य कारण में जाएं तो प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने का नतीजा है। पेड़ और सांसे कम हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और जीवन बचाएं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि तालाब, नदी, पोखर को प्रदूषित न होने दे। कूड़ा-कचरा डस्टबिन में फेंके तथा प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग बंद कर दें। इससे प्रदूषण पर नियंत्रण करने में मदद मिलेगी। ऊसर भूमि मे बाग व वृक्ष तैयार करना एक सार्थक और समन्वित उपयोगियता का प्रयास है। इस अवसर पर निदेशक प्रसार एवं समन्वयक डॉ. एके सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद डॉ. सीपी सिंह ने दिया। इस अवसर पर निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. रामाशीष यादव, सहायक निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. अनिल सचान, क्षेत्रीय निदेशक वानिकी प्रभाग अरविंद कुमार, क्षेत्रीय विधायक भगवती सागर, प्रांत प्रचारक श्रीराम व अन्य अधिकारी वैज्ञानिक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

अमर उजाला
शुक्रवार • 09.07.2021 06
kanpur.amarujala.com

# सभी लोग एक-एक पौधा लगाएं, संरक्षण का संकल्प लें

संवाद न्यूज एजेंसी

शिवराजपुर (बिल्हौर)। पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में अपनी भागीदारी अवश्य निभाएं, मानव जीवन के साथ अन्य जीव जंतुओं को बचाना है, तो सभी एक-एक पौधा लगाकर पृथ्वी को हराभरा रखें। पेड़ की आवश्यकता सभी जीवों को है। ये बातें कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने गुरुवार को शिवराजपुर के बोझा ग्राम पंचायत में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सघन पौधरोपण कार्यक्रम में कहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री ने पौधरोपण कर किया। इसके बाद सीएसए कुलपति डॉ. डीआर सिंह, विधायक भगवती सागर व अन्य पदाधिकारियों ने पौधरोपण कर धरा को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। इस गांव में चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 60 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।



पौधरोपण करते राज्यमंत्री व अन्य। संवाद

विधायक ने कहा कि वन महोत्सव के तहत पौधे लगाने का कार्यक्रम एक जुलाई से सात जुलाई तक चलेगा। प्रधान, वार्ड सदस्य, सहित सभी जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं पर पौधे लगाने के साथ ही उनके संरक्षण का भी दायित्व है।

# किसानों को दें प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

**बोले मंत्री**

- सीएसए के दलीप नगर स्थित बीज प्रक्षेत्र में किया पौधारोपण
- कहा-किसानों की आय बढ़ने के साथ ही पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा

जागरण संवाददाता, कानपुर : किसानों को ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जाए। इससे उनकी आय बढ़ने के साथ ही पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। ये बातें कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहीं। वह गुरुवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दलीप नगर स्थित बीज संवर्धन प्रक्षेत्र में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण का उद्देश्य प्रक्षेत्र के साथ ही आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा और स्वच्छ रखना है। चारों कृषि विश्वविद्यालयों में सबसे बड़ा 118 हेक्टेयर का क्षेत्रफल सीएसए के पास है। प्रदेश सरकार ने 30 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 60 हजार वृक्ष अकेले चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय लगा रहा है। यह सराहनीय है। मंत्री ने किसानों से अपील की कि वे खेतों की मेड़ों और खाली स्थानों पर पौधारोपण करें। कुलपति डा.डीआर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष 14 हजार पौधे रोपे गए थे, जिनमें आधे से अधिक जीवित हैं। प्रक्षेत्रों में प्राकृतिक खेती के परीक्षण शुरू हो गए हैं। विधायक भगवती प्रसाद सागर, जिला वन अधिकारी अरविंद कुमार यादव, निदेशक प्रसार डा.एके सिंह, डा.धर्मराज सिंह, डॉ. संजीव सचान, डॉ.खलील खान आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**किसान पंडाल में, विज्ञानी पेड़ों की छांव में:** पौधारोपण कार्यक्रम 10.30 बजे निर्धारित था, इसलिए विश्वविद्यालय के अधिकारी और स्टाफ पहले से प्रक्षेत्र में पहुंच गए। पंडाल में गर्मी और उमस की वजह से ज्यादातर कृषि विज्ञानी और विश्वविद्यालय की फैकल्टी पेड़ों की छांव में थी, जबकि किसान पंडाल में बैठे रहे। मंत्री के आने पर पंडाल में पहुंचे।



पौधारोपण करते राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत और कुलपति डा. डीआर सिंह (बाएं) व अन्य पदाधिकारी • जागरण

उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश का प्रथम द्विभाषीय (हिन्दी-अंग्रेजी) सांध्य दैनिक समाचार पत्र

# जनमत टुडे

वर्ष:12 | अंक:190 | देहरादून, गुरुवार, 08 जुलाई, 2021 | पृष्ठ:08



## कृषि विवि में कृषि राज्य मंत्री व कुलपति ने किया पौधारोपण

दीपक गौड़ (जनमत टुडे)



**कानपुर:** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा विश्व विद्यालय के सभी विभागों, शोध निदेशालय, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बीज संवर्धन प्रक्षेत्र बोझा, दलीप नगर पर बृहद वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री श्री लाखन सिंह राजपूत जी ने स्वयं वृक्षारोपण कर शुभारंभ किया और उनका सहयोग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अधिकारी गण शिक्षक कर्मचारियों ने किया कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य विश्वविद्यालय के साथ–साथ आसपास के क्षेत्र को हरा–भरा व स्वच्छ रखना है उन्होंने विशेष तौर पर कहा है कि आज के वर्तमान समय में जहां एक तरफ शहरीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ विश्वविद्यालय में 60 हजार पेड़ लगाकर समाज को संदेश दिया है और वातावरण को संरक्षित करने के दायित्वों का निर्वहन किया है इस अवसर पर कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने पीपल एवं मौलश्री के पेड़ लगाकर शुरुआत की ज्ञातव्य हो कि विश्वविद्यालय के अथक प्रयासों से वन विभाग के सहयोग से बीज संवर्धन प्रक्षेत्र बोझा दलीप नगर में लगभग 60 हजार पौधों का वृक्षारोपण किया जाएगाजिसके लिए द्रुतगामी गति से तैयारी की जा रही है जिसमें ऊसरीली एवं कृषि अयोग्य भूमि पर वृक्षारोपण कर प्राकृतिक ढंग से भूमि की उर्वरता बढ़ाई जाएगी तथा पर्यावरण को संरक्षित किया जाएगा विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि इस अवसर पर कुलपति डॉ डीआर सिंह ने बताया कि क्षेत्र के 30 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वृक्षारोपण किया जाएगा उन्होंने कहा कि आज के दिन हमें संकल्प लेना होगा कि भविष्य की सांसों का इंतजाम स्वयं करना है उन्होंने कहा कि कोरोनावायरस के कारण हर जगह परेशानी हो रही है इसके मुख्य कारण में जाएं तो प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने का नतीजा है पेड़ और सांसे कम हो रही हैं उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और जीवन बचाएं उन्होंने अपने संदेश में कहा कि तालाब, नदी, पोखर को प्रदूषित ना होने दें कूड़ा, कचरा डस्टबिन में फेंके तथा प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग बंद कर दें इससे प्रदूषण पर नियंत्रण करने में मदद मिलेगी इस अवसर पर निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉक्टर रामाशीष यादव, सहायक निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ अनिल सचान, निदेशक प्रसार, समन्वयक डॉ एके सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व हल्द्वानी से प्रकाशित

# अमृत विचार

वर्ष 31, अंक 187, पृष्ठ 12, मूल्य : 3 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, शुक्रवार, 9 जुलाई 2021

www.amritvichar.com

ने दूर की ओआईसी की चिंता...12

टी-20 में वापसी करने पर कप्ता

आयोजन

कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने किया वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ

## खाद्यान्न उत्पादन में देश में उत्तर प्रदेश अव्वल : लाखन सिंह

अमृत विचार, कानपुर।

सीएसए के कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को विश्व विद्यालय के सभी विभागों/ अनुभागों/ निदेशालय एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों/ शिक्षकों/अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बीज संवर्धन प्रक्षेत्र दलीप नगर स्थित बोझा प्रक्षेत्र पर वृहद पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने स्वयं पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पौधरोपण का उद्देश्य विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्र के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा व स्वच्छ रखना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 60 हजार वृक्ष लगाकर समाज को संदेश दिया कि वातावरण को संरक्षित कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्थित चारों कृषि विश्वविद्यालय में सबसे बड़ा 118 हेक्टेयर का क्षेत्रफल सीएसए कानपुर के पास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 30 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 60 हजार वृक्ष अकेले कानपुर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा लगाए जा रहे हैं जिसके लिए मैं कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह को साधुवाद देता हूं। उन्होंने उपस्थित किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों की मेड़ों व खाली स्थानों पर वृक्ष अवश्य लगाएं। साथ ही कृषि मंत्री



पौधरोपण करते कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत। फोटो : अमृत विचार

ने प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी। जिससे कम लागत में गुणवत्ता परक उत्पाद व आय प्राप्त हो। यहां उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों से कहा कि आप ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु प्रशिक्षित करें।

कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस वर्ष 625 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ है जो पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने कहा कि प्रदेश में ओजस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्यपाल/ कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की आव्हान पर पर्यावरण सुधारने के लिए वृहद पौधरोपण कार्यक्रम चलाएं जा रहे हैं। इसी के क्रम में विश्वविद्यालय ने 60 से भी अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा है। कुलपति ने कहा कि गत वर्ष 14 हजार पौधे विश्वविद्यालय द्वारा रोपे गए थे जिनमें 90 से 95% पौधे जीवित है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी/वैज्ञानिक एवं कर्मचारी द्वारा पौधे रोपित किए जाएंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक प्रक्षेत्र पर 10% क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती के परीक्षण शुरू हो गए हैं। जिनके परिणाम काफी उत्साहवर्धक आ रहे हैं।

इस अवसर पर निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. राम आशीष यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धर्मराज सिंह, अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान डॉ. वेदरतन, डॉ. अशोक कुमार सहित विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, कर्मचारी एवं वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

Vkj-,u-vkbZ-ua& UPHIN/2009/44666

JKVh; fgUnh nSfud

# सत्ता एक्सप्रेस

डी.ए.वी.पी नई दिल्ली एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त

वर्ष: 12 अंक : 265 कानपुर देहात, शुक्रवार 09 जुलाई 2021 Email: sattaexpress@rediffmail.com पृ

# कृषि राज्य मंत्री एवं कुलपति ने किया बृहद वृक्षारोपण का शुभारंभ




दैनिक सत्ता एक्सप्रेस कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ डी.आर. सिंह की अध्यक्षता मे दिनांक 8 जुलाई 2021 को विश्व विद्यालय के सभी विभागोंध अनुभागोंध निदेशालय एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों ध्रिक्षकों ध्अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बीज संवर्धन प्रक्षेत्र दलीप नगर स्थित बोझा प्रक्षेत्र पर बृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कृषि राज्य मंत्री जी ने अपने संबोधन मे कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्र के साथ–साथ आसपास के क्षेत्र को हरा–भरा व स्वच्छ रखना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 60 हजार वृक्ष लगाकर समाज को संदेश दिया है कि वातावरण को संरक्षित कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रदेश में स्थित चारों कृषि विश्वविद्यालय में सबसे बड़ा 118 हेक्टेयर का क्षेत्रफल सीएसए कानपुर के पास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 30 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 60 हजार वृक्ष अकेले कानपुर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा लगाए जा रहे हैं। जिस के लिए मैं कुलपति डॉ डी.आर. सिंह को साधुवाद देता हूं। उन्होंने उपस्थित किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों की मेड़ों व खाली स्थानों पर वृक्ष अवश्य लगाएं। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी। जिससे कम लागत में गुणवत्ता परक उत्पाद व आय प्राप्त हो। कृषि वैज्ञानिक ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु प्रशिक्षित करें। उत्तर प्रदेश में इस वर्ष 625 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ है। जो पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ डी.आर. सिंह ने कहा कि प्रदेश में ओजस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्यपालध कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के आव्हान पर पर्यावरण सुधारने के लिए बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाएं जा रहे हैं। गत वर्ष 14 हजार विश्वविद्यालय द्वारा पौधे रोपे गए थे जिनमें 55 से 85: पौधे जीवित है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारीध वैज्ञानिक एवं कर्मचारी द्वारा पौधे रोपित किए जाएंगे। डॉ सिंह ने कहा प्रदेश मे पहली बार विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्रों पर प्राकृतिक खेती के परीक्षण शुरू हो गए हैं। जिनके परिणाम काफी उत्साहवर्धक आ रहे हैं। उन्होंने जिला वन अधिकारी श्री अरविंद कुमार यादव को विश्वविद्यालय के सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। ज्ञातव्य हो कि वन विभाग एवं विश्वविद्यालय द्वारा एमओयू हुआ है जिसके तहत वन विभाग वृक्षारोपण के बाद 3 वर्षों तक पौधों की रखवाली, सिंचाई आदि कार्य करेगा। तत्पश्चात विश्वविद्यालय को हस्तांतरित करेगा। कार्यक्रम मे आए विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के विधायक भगवती सागर ने विश्वविद्यालय द्वारा कराए जा रहे वृक्षारोपण एवं कृषक हितैषी शोध एवं प्रसार कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत निदेशक प्रसार ध्समन्वयक डॉ एके सिंह ने किया। जबकि कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को धन्यवाद डॉ सी पी सचान ने दिया। इस अवसर पर निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ राम आशीष यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ धर्मराज सिंह, अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान डॉ वेदरत्न, डॉ अशोक कुमार सहित विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, कर्मचारी एवं वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान कानपुर • शुक्रवार • 09 जुलाई 2021 04

संक्षेप

# सीएसए ने लगाए 60 हजार पौधे

कानपुर। सीएसए की ओर से गुरुवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम किया। विवि के दिलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के बोझा प्रक्षेत्र में पौधे लगाए गए। शुरुआत कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत व कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने पौधरोपण कर किया। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के चारों कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सबसे बड़ा परिसर 118 हेक्टेयर का क्षेत्रफल सीएसए के पास है। प्रदेश सरकार के 30 करोड़ के लक्ष्य में 60 हजार पौधों का रोपण विवि कर रहा है। इस मौके पर डॉ. एके सिंह, डॉ. सीपी सचान, डॉ. धर्मराज सिंह, डॉ. राम आशीष यादव व डॉ. खलील खान आदि रहे।